# कुलसचिव कार्यालय

## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007

Web. : www.lkouniv.ac.in, E-mail : registrar@lkouniv.ac.in, Phon/Fax : 0522-2740412


संदर्भ संख्या :............................/सम्बद्धता/2019

दिनांक :........................................

ई–मेल/अत्यावश्यक

अनुस्मारक–द्वितीय

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
विश्वविद्यालय से सहयुक्त अशासकीय सहायता प्राप्त/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
लखनऊ।

**विषय : स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित महाविद्यालय में अनुमोदित प्राचार्य व स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों में शिक्षकों के कार्यरत होने की सूचना उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या : आर/1021–25/2019, दिनांक : 21.06.2019 एवं तदुपरान्त निर्गत अनुस्मारक पत्र संख्या : 17890, दिनांक 06.08.2019 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से–"सहयुक्त महाविद्यालयों में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों/विषयों में अनुमोदित/कार्यरत प्राचार्य व शिक्षकों की सूची अपने महाविद्यालय की वेबसाईट व विश्वविद्यालय के यू0डी0आर0सी0 पोर्टल पर अपलोड करते हुए प्रत्येक शिक्षक से पृथक–पृथक रू0–10 के नान–जुडिशियल स्टाम्प पेपर पर इस आशय का शपथ पत्र कि–वर्तमान में वह (शिक्षक का नाम.....) महाविद्यालय (महाविद्यालय का नाम......) में अनुमोदित एवं कार्यरत हैं तथा लखनऊ विश्वविद्यालय के अतिरिक्त अन्य किसी विश्वविद्यालय के किसी महाविद्यालय में उनका अनुमोदन नहीं है तथा वह कार्यरत नहीं है। उक्त शपथ पत्र के साथ मूलरूप में प्रबन्धक के रू0–10/– नान जुडिशियल स्टाम्प पर कि 'शिक्षक द्वारा दिया गया शपथ पत्र सत्य पत्र है' तथा महाविद्यालय की वेबसाईट बनी है एवं कियाशील है, के साथ शिक्षक का शपथ पत्र संलग्न कर उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गई थी।" किन्तु अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा उपरोक्तानुसार शपथ पत्र उपलब्ध नहीं कराये गये हैं।

अतः जिन महाविद्यालयों द्वारा शपथ पत्र/सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है उनसे पुनः अपेक्षा की जाती है कि उपरोक्तानुसार शपथ पत्र/आख्या इस पत्र के निर्गत होने की तिथि से सात कार्य दिवसों में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने का कष्ट करें अन्यथा कि स्थिति में किसी प्रतिकूल कार्यवाही के लिए सम्बन्धित महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होगा।

भवदीय

(एस0के0 शुक्ल)
कुल सचिव

संख्या : AF/24638–39 दिनांक : 22/10/2019

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. इंचार्ज, वेबसाईट/कम्प्यूटर केन्द्र को इस आशय से प्रेषित कि समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों को ई–मेल से प्रेषित करने व विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
3. गार्ड फाईल।

(एस0के0 शुक्ल)
कुल सचिव